| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
| --- | --- |
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

भाद्र 13, शनिवार, शाके 1943-सितम्बर 4, 2021

*Bhadra 13, Saturday, Saka 1943- September 4, 2021*

**भाग 6 (ख)**

**जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।**

**उद्योग विभाग, राजस्थान जयपुर**

**बीड़ा मॉडल भवन विनियम, 2021**

अधिसूचना

**बीड़ा भिवाडी, अगस्त 6, 2021**

**संख्या बीडा/आयोजना/2020-21/3008/21 :-**भिवाडी इन्टीग्रेटेड विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में लागू राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम, 2016 से है। जिसकी धारा 71(4) (ख) में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुऐ यह भवन विनियम, बीड़ा मॉडल भवन विनियम 2021 लागू किये जाते है। नगरीय निकाय से अभिप्रेत भिवाडी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण से है।

राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम 2016 की धारा 71(4) (ख) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्राधिकरण द्वारा बीड़ा मॉडल भवन विनियम2021 लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

बीड़ा मॉडल भवन विनियम, 2021 प्राधिकरण द्वारा राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से उनके अधिसूचित नगरीय क्षेत्र में प्रभावी होंगे।

इन विनियमों के प्रभावी होने की तिथि से संबंधित नगरीय निकाय द्वारा पूर्व में अधिसूचित नगरीय क्षेत्र भवन विनियम (विशिष्ट क्षेत्रों को छोड़कर) लागू नहीं रहेंगें।

**उद्योग विभाग,राजस्थान जयपुर**

**बीड़ा मॉडल भवन विनियम, 2021**

**BIDA Model Building Regulations, 2021**

**1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ**

**1.1**ये भवन विनियम (Building Regulations) बीड़ा मॉडल भवन विनियम, 2021कहलायेंगे।

**1.2**ये विनियम संबंधित नगरीय निकाय द्वारा राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

**2. परिभाषाऐं (Definitions)**

इन विनियमों में जब तक विषय अथवा संदर्भ द्वारा अन्यथा अपेक्षित नहीं होः-

**2.1'अधिनियम'(Act)** से राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम 2016 अभिप्रेत है।

- भूखण्ड क्षेत्रफल 500 व.मी. तक (बेसमेंट+भूतल+दो मंजिल) - बीडा में पदस्थापित सहायक नगर नियोजक, (पदस्थापन नहीं होने पर भवन मानचित्र समिति)।
- भूखण्ड क्षेत्रफल 750 व.मी. तक (बेसमेंट+भूतल+तीन मंजिल) - बीडा में पदस्थापित उप नगर नियोजक, (पदस्थापन नहीं होने पर भवन मानचित्र समिति)।
- भूखण्ड क्षेत्रफल 2500 व.मी. तक - बीडा में पदस्थापित वरिष्ठ नगर नियोजक, (पदस्थापन नहीं होने पर भवन मानचित्र समिति)।
- 2500 व.मी. क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल अथवा 18 मी. से अधिक ऊँचाई के समस्त भूखण्डों के भवन मानचित्रों का अनुमोदन बीडा में गठित भवन मानचित्र समिति के स्तर से किया जायेगा।

**4.3 भिवाडी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण हेतु भवन मानचित्र समिति निम्नानुसार होगी-**

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाड़ी - अध्यक्ष
- उप सचिव/अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाड़ी - सदस्य
- अभियांत्रिकी शाखा, बीडा भिवाड़ी का वरिष्ठतम अधिकारी - सदस्य
- राजस्व शाखा, बीडा भिवाड़ी का वरिष्ठतम अधिकारी - सदस्य
- विधि शाखा, बीडा भिवाड़ी का वरिष्ठतम अधिकारी - सदस्य
- नगर नियोजन शाखा, बीडा भिवाड़ी का वरिष्ठतम अधिकारी - सदस्य
- उप नगर नियोजक (प्राधिकरण द्वारा अधिकृत) -सदस्य सचिव

नोटः- उक्त समिति के गठन पश्चात पूर्व में कार्यरत भवन मानचित्र समिति उपरोक्तानुसार पुनर्गठित मानी जावेगी एवं तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। उपरोक्तानुसार गठित समिति की बैठक प्रतिमाह एक बार अथवा प्रकरण प्राप्त होने पर, जैसी भी स्थिति हो आयोजित की जानी आवश्यक होगी।

**5. भवन निर्माण स्वीकृति हेतु मापदण्डों का निर्धारण -**

**5.1**एस-1 क्षेत्र में भवन विनियम 5.3(2) के अनुसार मापदण्ड निर्धारित करते हुए भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेंगी।

**5.2**एस-2 क्षेत्र अर्थात् चार दीवारी क्षेत्र हेतु संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा यदि पृथक से कोई मापदण्ड निर्धारित कर स्वीकृत किये हुये हो तो तदानुसार मापदण्ड रखते हुए भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेंगी। चार दीवारी क्षेत्र हेतु स्थानीय निकाय द्वारा पृथक से मापदण्ड निर्धारित करते हुए राज्य सरकार की स्वीकृति से लागू किये जा सकेगें। चार दीवारी क्षेत्र हेतु पृथक से मापदण्ड निर्धारित नहीं किये जाने की अवस्था में भवन विनियम 5.3(2) के अनुसार मापदण्ड निर्धारित करते हुए भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेंगी।

**5.3**एस-3 क्षेत्र (सघन आबादी क्षेत्र) में भवन निर्माण हेतु मानदण्डः-

(1) परम्परागत रूप से विकसित गैर नियोजित क्षेत्र, सघन आबादी क्षेत्रोंका निर्धारण हेतु संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा सर्वे किया जायेगा तथा ऐसे गैर नियोजित क्षेत्र जिनमें

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उपयोग के भूखण्ड पर शहरी गरीबों को आधारभूत सुविधा (बी.एस.यू.पी.) हेतु देय शुल्क | मी.। (आवेदित भूखण्ड के संपूर्ण क्षेत्रफल पर) |
| 5. | वर्षा जल संग्रहण मॉडलवं वृक्षारोपण हेतु अमानत राषि (रिफन्डेबल) भवन (18 मीटर ऊँचाई तक) समस्त उपयोगों के भूखण्डों हेतु | भूखण्ड (300 से अधिक व 500 वर्गमीटर तक) | 50000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (500से अधिक व 750वर्गमीटर तक) | 75000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (750से अधिक व 2500वर्गमीटर तक) | 100000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (2500से अधिक व 4000वर्गमीटर तक) | 200000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (4000से अधिक व 10000वर्गमीटर तक) | 300000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (10000 वर्गमीटर से अधिक) | 500000/- रूपए |
| 6. | वर्षा जल संग्रहण एवं वृक्षारोपण हेतु अमानत राशि (रिफन्डेबल) भवन (18 मीटर ऊँचाई से अधिक ऊँचाई के) समस्त उपयोगों के भूखण्डों हेतु | भूखण्ड (750से अधिक व 2500वर्गमीटर तक) | 200000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (2500से अधिक व 4000वर्गमीटर तक) | 400000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (4000से अधिक व 10000वर्गमीटर तक) | 600000/- रूपए |
| | | भूखण्ड (10000 वर्गमीटर से अधिक) | 1000000/- रूपए |
| 7. | बेटरमेन्ट लेवी | आवासीय/संस्थागत/औद्योगिक/ पर्यटन ईकाई उपयोग हेतु | आवासीय आरक्षित दर का 20 प्रतिशत |
| | | मिश्रित/वाणिज्यिक उपयोग हेतु | आवासीय आरक्षित दर का 40प्रतिशत |
| | उपरोक्तानुसार बेटरमेंट लेवी की राशि पांच किश्तों में निम्नानुसार देय होगी- | | |

| क्र.सं. | विवरण | प्रतिशत | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम किश्त | बेटरमेंट लेवी का 20 प्रतिशत | भवन मानचित्र स्वीकृति से एक वर्ष |
| 2. | द्वितीय किश्त | बेटरमेंट लेवी का 20 प्रतिशत | भवन मानचित्र स्वीकृति से एक वर्ष नौ माह |

